<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- अटल आवासीय विद्यालयों के नए शैक्षणिक सत्र 2024–25 का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया शुभारंभ। कहा– चरणबद्ध तरीके से होगा आवासीय विद्यालयों का विस्तार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के तिहत्तर जिलों के प्रभारी मंत्रियों का बदला प्रभार।
- सेमिकॉन इंडिया 2024 का आज होगा समापन। कार्यक्रम के दूसरे दिन कल इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा– भारत में निवेश को सफल बनाने के हैं पर्याप्त संसाधन।
- प्रदेश के पश्चिमी जिलों में भारी बारिश से जनहानि। मुख्यमंत्री ने जताया शोक, पीड़ित परिवारों को चार–चार लाख रूपये की राहत राशि प्रदान करने के दिये निर्देश।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ से प्रदेश के सभी अट्ठारह अटल आवासीय विद्यालयों के नए शैक्षणिक सत्र दो हजार चौबीस–पचीस का शुभारंभ किया। साथ ही, मेधावी छात्रों को पुरस्कार और अन्य छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से आवासीय विद्यालयों का विस्तार किया जाएगा। अभी अट्ठारह विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं, जबकि दूसरे चरण में सनतावन जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में ऐसे ही विद्यालय खोले जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में प्रदेश की सभी तीन सौ पचास तहसीलों और चरण में आठ सौ पचीस विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी।

***अगले सत्र के लिये हम लोगों ने अभी से बेसिक शिक्षा परिषद को विद्यालयों को पैसा दे दिया है। 57 अन्य जनपदों में विद्यालय खुलने जा रहे है। सीएम कम्पोजिट विद्यालय के रूप में स्थापित करने जा रहे है और तीसरे चरण में इसे हम लेकर जायेंगे। प्रदेश की सभी तहसीलों में एक–एक विद्यालय बनाने के लिये साढ़े तीन सौ तहसीलों, उनमें एक–एक विद्यालय बनेगा चौथे चरण में 825 विकासखंडों में सरकार के ये विद्यालय बनेंगे और याद करना जब 825 विकासखंडों में इस प्रकार के विद्यालय बनेंगे किसी भी गरीब का बच्चा फिर शिक्षा से वंचित नहीं रहने पायेगा।***

**********

प्रदेश की दस सीटों पर होने वाले उप चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नये सिरे से अपने मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपा है। प्रदेश के पचहत्तर में से तिहत्तर जिलों के मंत्रियों के प्रभार बदले गये हैं। पीलीभीत के प्रभारी मंत्री बलदेव औलख और मिर्जापुर के नंद गोपाल नंदी का प्रभार नहीं बदला गया है। मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्रियों के पास पच्चीस–पच्चीस जिलों की समीक्षा की जिम्मेदारी रहेगी। इसमें चार–चार माह के बाद रोटेशन के आधार पर जिलों का प्रभार बदलता रहेगा। लखनऊ में कल अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में उप चुनाव, सदस्यता अभियान और मंत्रियों के प्रभार को लेकर हुयी चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने यह बदलाव किये हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को अब लखनऊ के साथ वाराणसी का भी प्रभार दिया गया है। स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज और गोरखपुर की जिम्मेदारी दी गयी है। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप को मैनपुरी और शाहजहांपुर का प्रभारी बनाया गया है। मंत्री दयाशंकर सिंह प्रतापगढ़ और देवरिया, दिनेश प्रताप सिंह कुशीनगर और कौशाम्बी, दया शंकर मिश्र दयालु बलिया और महराजगंज तथा अनिल राजभर आजमगढ़ और सिद्धार्थनगर के प्रभारी बनाये गये हैं।

**********

गौतमबुद्ध नगर में चल रहे तीन दिवसीय सेमिकॉन इंडिया 2024 का आज समापन होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन कल भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि देश के अंदर डिजाइन स्पेस में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। भारत में वैश्विक मानकों और मानदंडों को पूरा करने की क्षमता है। ऐसे में उद्योग जगत की जिम्मेदारी है कि वह भारत के युवाओं की प्रतिभा के लिए सही अवसर पैदा करे। उन्होंने कहा कि भारत मानव संसाधनों का एक विशाल भंडार है। यहां निवेश को सफल बनाने के पर्याप्त संसाधन हैं। श्री कृष्णन ने कहा कि सरकार इस कार्यक्रम की पुष्टि और समर्थन कर रही है, इसकी क्षमता और निवेश मूल्य को स्वीकार कर रही है। अगले पांच से दस वर्षों में कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। सेमिकॉन इंडिया के दूसरे दिन विभिन्न तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। आईआईटी कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ पांडा ने एक सत्र में कहा कि भारत के लिए यह सही समय है और भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए हाइब्रिड इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए बाजार बनाना चाहिए। एक अन्य सत्र में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ डॉ. रणधीर ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार और इंडियन स्कूल ऑफ माइंस जैसे संस्थान सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में देश की क्षमताओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**********

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अयोध्या में किसानों की जमीन सस्ते दामों पर खरीदे जाने के सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आरोपों पर कल जवाब देते हुए कहा है कि पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी।

***हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि अपराध और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायेंगे, जांच होगी कोई भी व्यक्ति बचेगा नहीं, यह हमारी जिम्मेदारी है।***

इसी क्रम में प्रदेश में बढ़ते एनकाउंटर पर सपा प्रमुख के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहाकि जब कभी कोई एनकाउंटर होता है तो मजिस्ट्रेटियल जांच होती है। समाजवादी पार्टी के लोग जनता को गुमराह करना चाहते हैं। इससे पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में कल एक प्रेसवार्ता में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर अयोध्या में किसानों की जमीनों को सस्ते दामों पर खरीदकर सर्किल रेट बढ़ाने का आरोप लगाया था।

अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में 13 हजार एकड़ से ज्यादा की भूमि सेना के युद्धाभ्यास के लिए आरक्षित थी उसे भी डिनोटिफाई करके सस्ते दामों पर बेचा गया।

उधर, सुल्तानपुर में डकैती के आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर उठे सवालों को लेकर कल डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि मामले में सारी कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से हुई है। एनकाउंटर की मजिस्ट्रेटियल जांच के आदेश भी दिए गए हैं। जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वो गलत हैं। डीजीपी ने कहा कि जाति और धर्म देखकर कार्रवाई नहीं होती हैं।

**********

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों विशेष कर पश्चिमी जिलों में बारिश का सिलसिला दो दिनों से जारी है। कल शाम तक चौबीस घंटों में सर्वाधिक एक सौ इकतालीस मिलीमीटर बारिश झांसी में दर्ज की गई है। इसके अलावा इटावा में एक सौ बाइस मिलीमीटर और बुलंदशहर में एक सौ दस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। कुछ जिलों में हुयी भारी बारिश के चलते जनहानि भी हुयी है। मुरादाबाद में लगातार बारिश के बीच एक घर की दीवार गिर जाने से दो बच्चों की मृत्यु हो गयी  वहीं दूसरी ओर बुलंदशहर में मकान गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। रामपुर, अमरोहा और सम्भल में वर्षा के चलते कल घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं अलीगढ़ में सड़कों पर पानी भर गया। जालौन जिले में यमुना नदी की एक सहायक नदी में अचानक बाढ़ आ गयी। कुछ जिलों में स्कूल–कॉलेज भी बन्द कर दिये गये हैं। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***इस असामान्य बारिश का कारण एक कम दबाव का क्षेत्र  है जो मध्य भारत में बना हुआ है, इसके उत्तर–उत्तरपूर्व दिशा की ओर बढ़ने और आज धीरे–धीरे कमजोर होने की उम्मीद है। इस बीच राज्य के कई शहरों में पिछले 48 घंटों से मूसलाधार बारिश हो रही है.झाँसी, अलीगढ़, फर्रुखाबाद, आगरा और मथुरा जिलों में भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया और सड़कें पानी में डूब गईं। वर्षाजनित हादसों में मथुरा, बुलन्दशहर और मुरादाबाद जिलों में पांच लोगों की मौत की खबर है।सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी वर्षा के कारण हुयी जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल चार–चार लाख रूपये की राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिये हैं। उधर मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी जिलों में बारिश का सिलसिला अभी ऐसे ही बना रहेगा।

**********